मरीजों के लिए अस्पताल में कैंटीन का उद्घाटन

अंबाला। सिटी सिविल अस्पताल में मरीजों के परिजनों की सुविधा के लिए अन्नापूर्णा कार्यक्रम के तहत एक कैंटीन बनाई गई है। रविवार को हरियाणा बाल कल्याण परिषद की वाइस चेयरपर्सन शक्ति रानी शर्मा ने कैंटीन का उदघाटन किया। उन्होंने अस्पताल में अन्नापूर्णा रसोई, रेफरल ट्रांस्पोर्ट सुविधा तथा मरीजों को उपलब्ध करवाई जा रही चिकित्सा सुविधाओं का निरीक्षण किया और सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सिविल सर्जन से कहा कि ट्रॉमा सेंटर की पूर्व दिशा में खाली जगह को साफ कराकर छायादार और सजावटी पौधे लगवाएं ताकि मरीजों और उनके परिजनों के लिए स्वच्छ वातावरण उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा सिविल अस्पताल में अन्नापूर्णा योजना के तहत मरीजों को मुफ्त खाना उपलब्ध कराने तथा उनके परिजनों के लिए अस्पताल भवन में ही कैंटीन की सुविधा उपलब्ध कराने वाला अंबाला एकमात्र जिला है। यह सुविधा प्रदेश के अन्य जिलों के लिए एक उदाहरण है। डीसी समीर पाल सरो ने बताया कि जनता के सहयोग से मरीजों को अन्नापूर्णा कार्यक्रम के तहत निशुल्क खाना उपलब्ध करवाया जा रहा है। खाने की स्वच्छता व प्रोटीन, विटामीन आदि की समीक्षा के लिए पीजीआई चंडीगढ़ की तर्ज पर डाइटिशीयन की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि अस्पताल के लिए नए स्ट्रेचर खरीदने के साथ-साथ वील चेयर की भी व्यवस्था की गई है। इस मौके पर एसडीएम मुकेश आहूजा, सिविल सर्जन डॉ. सतीश अग्रवाल, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता आरके कंसल, डॉ. वीके मल्होत्रा, डॉ. राजिंद्र राय, तेजिंद्र साहनी, रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव बलवान सिंह, कार्यक्रम अधिकारी मनोज सैनी, प्रशिक्षण अधिकारी हरमेश चंद आदि अधिकारी मौजूद थे।

कैंटीन का उद्‌घाटन करतीं विधायक विनोद शर्मा की धर्मपत्नी शक्ति रानी शर्मा।